

Patna University In News (09.10.2022)

दैनिक भास्कर

सुविधा • गंगा किनारे वाणिज्य कॉलेज के पीछे से दरभंगा हाउस तक सड़क भी बनेगी

पटना कॉलेज और दरभंगा हाउस के बीच बनेगा ब्रिज, साइंस कॉलेज तक जा सकेंगे

अमित कुमार | पटना

पटना कॉलेज और दरभंगा हाउस के बीच कदमघाट जाने वाले रास्ते पर वाणिज्य कॉलेज के पीछे एक छोटा ब्रिज बनेगा। साथ ही वाणिज्य कॉलेज के पीछे सीमेंटेड सड़क भी बनेगी, जो पटना कॉलेज से दरभंगा हाउस के रानी ब्लॉक को जोड़ेगी। इस निर्माण के बाद साइंस कॉलेज से दरभंगा हाउस तक कैंपस में इंटर्नल कनेक्टिविटी हो जाएगी। इस सड़क और ब्रिज से गाड़ियां भी आ-जा सकेंगी। दीपावली-छठ पूजा की छुट्टी के बाद तक सड़क बन जाने का अनुमान है। बिहार राज्य एजुकेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन द्वारा ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

वर्तमान में शिक्षकों को अगर साइंस कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय मुख्यालय, पटना कॉलेज से दरभंगा हाउस जाना होता है तो उन्हें अशोक राजपथ होते हुए फिर वापस दरभंगा हाउस वाली पतली सड़क से होकर जाना होता है जो काफी संकीर्ण है और उसमें बड़ी गाड़ी फंस जाती है। वहीं अशोक राजपथ पर भी काफी जाम व लंबा यू टर्न करना होता है। इस क्रम में शिक्षकों को काफी समय लगता है। च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू होने के बाद अतिरिक्त कक्षाओं के लिए छात्रों व शिक्षकों का आवागमन निर्बाध होना जरूरी हो गया है। पटना कॉलेज से दरभंगा हाउस पैदल जाने के लिए भी कोई रास्ता नहीं बचा है। बाहरी व असामाजिक तत्वों के प्रवेश को रोकने के लिए कुछ समय पहले एक छोटे पैदल रास्ते को बंद कर दिया गया था। अब जो रास्ता बनेगा उसमें बाहरी लोग नहीं आ जा सकेंगे।

साइंस कॉलेज, पीयू मुख्यालय, पटना कॉलेज से दरभंगा हाउस जाने में अभी परेशानी



पटना कॉलेज के भीतर नई बाउंड्री बनकर तैयार

पटना कॉलेज के भीतर नई बाउंड्री बनकर तैयार हो गयी, बस फिनिशिंग का काम बाकी है। अब जल्द ही पटना कॉलेज का ऐतिहासिक गेट टूट जायेगा और पुरानी बाउंड्री को भी ध्वस्त कर दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त अभी हाल में ही बना पीयू का दोनों शताब्दी द्वार भी टूट जायेगा। यह एमएलसी फंड से बना था। जानकारी के अनुसार करीब तीस लाख के आस-पास की लागत आयी थी। इसे और इसके साथ लगी बाउंड्री को भी ध्वस्त कर दिया जायेगा। उधर साइंस कॉलेज का ऐतिहासिक गेट व बाउंड्री भी टूट जायेगी। हालांकि सभी बाउंड्री व गेट बनाकर संबंधित एजेंसी पीयू को देगी। साइंस कॉलेज में केमेस्ट्री विभाग का प्राक् प्रशिक्षण केंद्र व परीक्षा भवन का कुछ भाग टूट जायेगा। उसके एवज में संबंधित एजेंसी जो राशि देगी उससे नया भवन बनाने की बात चल रही है।

पटना कॉलेज और दरभंगा हाउस के बीच ब्रिज बनेगा, इससे पीजी विभाग में आना-जाना सुगम हो जाएगा। साइंस कॉलेज में जो बाउंड्री और कुछ स्ट्रक्चर डबल डेकर व गंगा पाथ वे की सड़क की वजह से टूटेगा, उसके एवज में संबधित एजेंसी जो राशि देगी उससे एक नया भवन बनाने की योजना है।

प्रो गिरीश कुमार चौधरी, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय

दैनिक जागरण

पीयू में नवंबर से जनवरी तक कार्यक्रमों की भरमार

जासं, पटना : पटना विश्वविद्यालय ने नवंबर 2022 से लेकर जनवरी 2023 के बीच चार बड़े कार्यक्रम आयोजित करने की योजना तैयार की है। जिसमें नवंबर में एकेडिमक और प्रशासनिक भवन के नए निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम, नवंबर में ही छात्र संघ का चुनाव, दिसंबर महीने में सीनेट की वार्षिक बैठक और जनवरी 2023 में दीक्षा समारोह आयोजित होगा। दीक्षा समारोह में 31 दिसंबर 2022 तक स्नातकोत्तर उत्तीर्ण छात्रों और पीएचडी की डिग्री प्राप्त कर चुके छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय में अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय में नए एकेडिमक और प्रशासनिक भवन का निर्माण होना है। जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री से कराने की बात कही जा रही है। विश्वविद्यालय ने भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री से समय मांगा गया है। इसके बाद विश्वविद्यालय नवंबर में ही छात्र संघ चुनाव कराने की तैयारी में जुट गया है। बहुत जल्द वोटर लिस्ट तैयार कर ली जाएगी।